अमर उजाला 30/08/2024

विज्ञान क्विज में जीएमएन कॉलेज ने मारी बाजी

अंबाला। गांधी मेमोरियल राष्ट्रीय कॉलेज में गुरुवार को जिला स्तरीय विज्ञान क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता हरियाणा राज्य परिषद विज्ञान, नवाचार और प्रौद्योगिकी द्वारा प्रायोजित थी। प्रतियोगिता में अंबाला के विभिन्न कॉलेजों से 12 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के अंतिम दौर में 8 टीमों को स्क्रीनिंग परीक्षण के माध्यम से शॉर्टलिस्ट किया गया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ रोहित दत्त ने इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया। डॉ. शिखा जग्गी ने क्विज मास्टर की भूमिका निभाई और प्रतियोगिता में कुल चार राउंड हुए। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान जीएमएन कॉलेज से कोमल सैनी व प्रगति, द्वितीय स्थान एसडी कॉलेज से अपूर्वा, गुंजन व पलक, तृतीय स्थान एसडी कॉलेज से ज्योति, अक्षित व प्रियांशु ने प्राप्त किया। चतुर्थ स्थान पर डीएवी कॉलेज और गवर्नमेंट पीजी कॉलेज पांचवें स्थान पर रहे। संवाद